# FIRST INFORMATION REPORT

## (Under Section 154 Cr.P.C.)

A-R1.11 00

1. **District:** STATE VIG BUREAU **P.S.:** SVB AMBALA **Year:** 2016 **FIR No.:** 4 **Date:** 26-04-2016

2. **Act(s):** **Section(s):**
   (i) PREVENTION OF CORRUPTION ACT, 1988 — 7
   (ii)
   (iii)
   (iv)

3. **Occurrence of Offence:**
   (a) **Day:** Tuesday **Date From:** 26-04-2016 **Date To:** 26-04-2016
   **Time Period:** **Time From:** **Time To:**
   (b) **Information received at P.S:** **Date:** 26-04-2016 **Time:** 14:30 hrs
   (c) **General Diary Reference:** **Entry No.:** 08 **Time:** 14:30 hrs

4. **Type of Information:** WRITTEN

5. **Place of Occurrence:**
   (a) **Direction and Distance from P.S:** **Beat No.:** 6
   (b) **Address:** DISTT AMBALA, VILLAGE BHUNNI
   (c) **In case, Outside the limit of the Police Station:**
   **Name of P.S:** **District:**

6. **Complainant/Informant:**
   (a) **Name:** TARSEM KUMAR
   (b) **Birth Year:** **Nationality:** INDIA
   (c) **Passport No.** **Date of Issue:** **Place of Issue:**
   (d) **Occupation:** FARMER
   (e) **Address:** TARSEM KUMAR S/O GURMEL SINGH VILL. BHUNNI, PS NAGGAL

7. **Details of Known/Suspect/Unknown accused with full particulars(attach separate sheet if necessary):** (2)
   (i) RAN SINGH
   (R/O)HALKA PATWARI VILLAGE BHUNNI, DISTT AMBALA
   (ii) HALKA KANOONGO
   (R/O)HALKA KANOONGO DISTT AMBALA
   (iii)

8. **Reason for delay in reporting by the complainant/informant:** NO DELAY

9. **Particulars of the properties stolen/involved(attach separate sheet if necessary):**

| Sl.No. | Property Type(Description) | Est. Value(Rs.) | Status |
|---|---|---|---|
| (i) | | | |
| (ii) | | | |
| (iii) | | | |

10. **Total value of property stolen:**

11. **Inquest Report/U.D Case No., if any:**

Date..................

12. **F.I.R Contents(attach separate sheet,if required):**

नकल लेख इस प्रकार से है कि, सेवा में, एस0पी0 विजिलैंस, अम्बाला । श्री मान जी, निवेदन यह है कि मैं तरसेम कुमार पुत्र श्री गुरमेल सिहं वासी गांव भुन्नी थाना नग्गल जिला अम्बाला का रहनें वाला हूं और खेती बाड़ी का काम करता हूं । हमारी गांव भुन्नी में 1 कनाल 8 मरले जमीन स्कूल के पास है । जो यह जमीन मेरें पिता जी के नाम है । मेरे पिता जी चलनें फिरनें में असमर्थ हैं । जो घर का सारा कार्य मैं करता हूं । मैनें दिनांक 29.01.2016 को अपनी जमीन की निशानदेही की दरखास्त तहसीलदार साहब अम्बाला को दी थी । तहसीलदार साहब नें उसी समय हल्का कानूनगो के नाम कर दी थी । जो वह दरखास्त मैनें हल्का कानूनगो को दे दी थी । वह कहनें लगा गेहूं कटनें के बाद आप की जमीन की निशानदेही कर देंगें । मैं हल्का कानूनगो को गेहूं कटनें के बाद कई बार मिला जो आनाकानी करता रहा फिर मैं कुछ दिन पहले दोबारा कानूनगो को मिला उस समय पटवारी रण सिहं भी वहीं पर बैठा था । हल्का कानूनगो कहनें लगा कि ऐसे फिरनें से निशानदेही नहीं होती खर्चा पानी देना पड़ेगा। मैनें कहा कि कितना खर्चा लगेगा वह कहनें लगा 10,000/- रू0 देनें पड़ेगें । मैनें कहा इतनें पैसे तो ज्यादा हैं फिर कहनें लगा तू पटवारी रण सिहं से बातचीत कर लेनां । उसके दो तीन दिन के बाद कानूनगो के कहे अनुसार मैं रण सिहं पटवारी से मिला और कानूनगो साहब द्वारा कही गई बात पटवारी को बतलाई जिस पर रण सिहं पटवारी नें कहा कि मेरी कानूनगो से बात चीत हो चुकी है तेरा काम 7,000/- रू0 में कर देंगे । मैनें उसको कहा कि मेरा जायज काम है उसके लिये मैं रिश्वत के पैसे नहीं दे सकता परन्तु रण सिंह पटवारी नें कहा कि यदि 7,000/- रू0 नहीं देगा तो ऐसे ही घूमते रहना और कहा कि इनमें से 4,000/- रू0 कानूनगो के हैं और 3,000 /- रू0 मेरे हैं । 4,000/- रू0 आज ही देनें पड़ेंगे फिर मैं तेरे को टाईम व तिथि बतलाऊंगा । मैनें मजबूरी वश श्री रण सिहं को 4,000/- रू0 दे दिये जिस पर उसनें मुझे आज बाकी 3,000/- रू0 लेकर तैयार रहनें के लिये कहा व वह कानूनगो को लेकर आज हमारी गांव में आकर मेरी जमीन की निशानदेही करेंगे वहीं पर यह राशि देनें के लिये कहा । मैं रण सिहं पटवारी द्वारा मांगी गई 3,000/- रू0 रिश्वत राशी नहीं दे सकता और न ही देनां चाहता हूं । मैं आज 3,000/- रू0 के करंसी नोट लेकर आया हूं और अपनी शिकायत के साथ आपको पेश कर रहा हूं । मेरी शिकायत पर हल्का कानूनगो व रण सिहं पटवारी भुन्नी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाये । प्रार्थी हस्ता- हिन्दी तरसेम कुमार, तरसेम कुमार पुत्र श्री गुरमेल सिहं वासी गांव भुन्नी थाना नग्गल जिला अम्बाला दिनांक 26-04-2016, 94672-26263 कार्यवाही पुलिस - आज मन नि0थाना राज्य चौकसी ब्युरो अम्बाला में हाजिर हूं कि तरसेम कुमार पुत्र श्री गुरमेल सिहं वासी भुन्नी थाना नग्गल जिला अम्बाला नें एक टाईप शुदा लिखित दरखास्त पुलिस अधीक्षक राज्य चौकसी ब्युरो अम्बाला को पेश की जिस पर पुलिस अधीक्षक राज्य चौकसी ब्युरो अम्बाला द्वारा दरखास्त कार्यवाही हेतू मन नि0 को मार्क की है । मन नि0 नें मुदई से रेड करवानें बारे पूछताछ की और सन्तुष्ट होनें पर मुदई द्वारा पेश किये गये मुबलिग 3,000/- रूपये के करन्सी नोट 6 अदद नोट 500/500 रूपये वाले की अलग से सूचि नोट तैयार की गई । फर्द सूचि नोट पर मन नि0 व मुदई तरसेम कुमार नें अपनें-2 हस्ताक्षर किये । दरखास्त उपरोक्त से सरेदस्त जुर्म 7 PC Act का सरजद होना पाया जाकर तहरीर बराये कायमी मुकदमा मोहरर थाना राज्य चौकसी ब्युरो अम्बाला के हवाले करके हिदायत की गई मुकदमा दर्ज करके मिसल मुकदमा व असल तहरीर मौका रेड पर भिजवानें व स्पैशल रिपोर्ट ईलाका मैजिस्ट्रेट की सेवा में भिजवायेगा । मन नि0 मय EASI प्रेम प्रकाश 801/PPT, HC सुभाष न0 80/PPT, HC सतपाल न0 511/AMB व Ct. सुखविन्द्र सिहं न. 1064/AMB के बासवारी सरकारी गाड़ी न0 HR 03 K-0458 जिसका चालक EASI जगबीर सिहं न0 529/PKL है, के रेडिंग पार्टी तैयार करके मुदई तरसेम कुमार उपरोक्त के रवाना उपायुक्त कार्यालय अम्बाला व मौका रेड का होता हूं । तफ्तीशी बैग व लैप टाप हमरा लिया गया हस्ता- अंग्रेजी Ramdutt निरीक्षक, राज्य चौकसी ब्युरो अम्बाला दि0 26.04.16 at 2.15 PM अज थाना - हस्ब आमदा लेख उपरोक्त बाजुर्म उपरोक्त थाना में प्राप्त होने पर बा हवाला रपट न0 08 दिनांक 26.04.16 समय 2.25 PM पर मुकदमा नम्बर 04 दिनांक 26.04.16 धारा 7 PC ACT, 1988 थाना राज्य चौकसी ब्यूरो अम्बाला दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रथम सूचना रिपोर्ट की एक प्रति बतौर स्पैशल रिपोर्ट बदस्त मुख्य सिपाही अंकुश कुमार न. 1087/करनाल के द्वारा ईलाका मैजिस्ट्रेट अम्बाला व नकल मिशल पुलिस मय असल तहरीर लेख आगामी अनुसंधान निजद अनुसंधानकर्ता बर मौका भेजी जा रही है व प्रथम सूचना रिपोर्ट की अन्य प्रतियां उच्च अधिकारियों की सेवा में भेजी जा रही है। इन्द्राज रिकार्ड विधि पूर्ण किया गया।

राज्य चौकसी ब्यूरो

Date..................

13. Action Taken(Since the above information reveals commission of offence(s)u/s as mentioned at item No.2:

(i) Registered the case and took up the investigation OR

(ii) Directed(Name of the I.O): RAM DUTT Rank: INS
No.: 8888 to take up the investigation, OR

(iii) Refused investigation due to: OR

(iv) Transferred to P.S(name): District:
on point of jurisdiction.

F.I.R read over to the complainant/informant, admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant, free of cost:

R.O.A.C:

14.

Signature / Thumb Impression
of The Complainant/Informant:

Ram Singh ASI
Signature of Officer
Name: RAM SINGH
Rank: ASI No.: 1233

15. Date and Time of despatch to the court:

थाना राज्य चौकसी ब्यूरो
Date..........................
अम्बाला मण्डल, अम्बाला